हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 10 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

13 परीक्षा सिर्फ ज्ञान का मूल्यांकन नहीं बल्कि धैर्य...




13 दिल्ली में गांव भौंगरा की दो सगी बहनों रिद्धिमा...



## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** अलेवा थाना पुलिस ने गांव रायचंदवाला में रंजिशन हमला कर दो भाइयो को घायल करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव रायचंदवाला निवासी सोहित ने गत 16 जनवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी सतीश परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है।

### गोदाम से धान की बोरियां चोरी

**कैथल।** कैथल की नई अनाज मंडी स्थित एक धान के गोदाम से चोर हजारों रुपये के धान की बोरियां चोरी कर ले गए। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाउन जींद रोड कैथल निवासी विकास ने बताया कि उसकी नई अनाज मंडी कैथल आढ़त की दुकान है। उसने मंडी के पास ही एक गोदाम धान का स्टाक रखने के लिए किराए पर लिया है।

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव धमतान साहिब में रजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव धमतान साहिब निवासी नसीब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिवार के साथ जमीन का लेकर विवाद चला आ रहा है। उसी रंजिश के चलते सुरेश ने परिवार के साथ मिल कर उस पर हमला कर दिया।

### गांव पीडल में मारपीट में एक युवक घायल

**कैथल।** गांव पीडल में सात लोगों ने एक युवक पर हमला कर दिया। चीका थाना में पुलिस ने आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। चीका थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार फरवरी को शाम को चार बजकर 30 मिनट पर वह घर में बैठा हुआ था। तभी आरोपी उसके घर पर लाठी, डंडे व अन्य हथियार लेकर पहुंचे। उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

### खेत से बिजली मोटर चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव दुर्जनपुर खेतों से बीती रात चोरों ने बिजली मोटर को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दुर्जनपुर निवासी चांदी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में बिजली मोटर लगाई हुई थी। जिसे बीती रात चोरों ने चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने चांदी की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

### क्योड़क में मकान से लाखों के जेवर चोरी

**कैथल।** गांव क्योड़क में चोर एक मकान से करीब तीन लाख 55 हजार रुपये के गहने और नकदी चोरी कर फरार हो गए।। इस दौरान परिवार के सदस्य बाहर गए हुए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सदर थाना में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। गांव क्योड़क निवासी बलदेव उर्फ देबा ने सदर थाना में दी शिकायत में बताया कि वह खेती करता है।

### गांव दनौदा खुर्द से ट्रांसफार्मर चोरी

**जींद।** गांव दनौदा खुर्द में चोरों ने बिजली ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बिजली निगम ने गांव दनौदा खुर्द में बिजली ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर राजौंद में कल

**राजौंद।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा 11 फरवरी को गोल्ड लाइफ स्कूल, पुण्डरी रोड राजौंद में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

## डिलीवरी के बाद मुख्य गेट तक नहीं जाना पड़ेगा

# गायनी वार्ड के पास ही मिलेगी अब जच्चा-बच्चा को एंबुलेंस

### अस्पताल प्रशासन ने बनवाया चार फीट चौड़ा नया गेट, रैंप बनकर तैयार

**पहले सिटी स्कैन सेंटर के पास बने गेट पर जाना पड़ता था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए स्वास्थ्य प्रशासन लगातार काम कर रहा है। पहले गायनी वार्ड को पुरानी बिल्डिंग से नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया ताकि महिलाओं को उपचार के लिए परेशानी न हो। क्योंकि नई बिल्डिंग में ही आप्रेशन वार्ड व आप्रेशन के बाद जच्चा व बच्चा को ठहराने के लिए वार्ड है। ऐसे में अब गायनी वार्ड के पास ही चार फीट चौड़ा नया गेट बनाया जा रहा है। जिसका कार्य अंतिम चरण में है। रास्ते को लेकर रैंप बना दिया गया है। अब डिलीवरी के बाद महिलाओं को एंबुलेंस के लिए मुख्य गेट तक नही जाना पड़ेगा। सीधे गायनी वार्ड के पास ही एंबुलेंस सुविधा जच्चा व बच्चा को उपलब्ध होगी। पहले सिटी स्कैन के पास से जाना पड़ता था जच्चा व बच्चा को इस समय जच्चा व बच्चा को अगर एंबुलेंस से जाना है तो उसे सिटी स्कैन सेंटर के पास बने गेट पर जाना पड़ रहा है। या फिर पुरानी बिल्डिंग में एमरजेंसी के आगे एंबुलेंस को खड़ा करना पड़ेगा। गायनी गायनी वार्ड तक एबुलेंस न पहुंचने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है। अभी रास्ता नए भवन के सामने से होकर जाता है। जिसमें सीढ़ियां और दूरी ज्यादा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभगा ने सीटी स्कैन के पीछे बने पार्क से रैंप को जोड़ा है। इसके लिए करीब 20 मीटर लंबी सड़क बनाई गई है। रैंप की मुख्य खिड़की तोड़ कर बड़ा दरवाजा लगाया गया है। इससे गाड़ी सीधे मुख्य द्वार तक पहुंचेगी और गर्भवती महिलाओं को स्ट्रेचर पर आसानी से ले जाया जा सकेगा। रैंप बन चुका है और जल्द ही सुविधा यहां से शुरू की जाएगी।



जींद। रास्ते को लेकर बनाया गया रैंप। फोटो :हरिभूमि

#### गेट से सुविधा

पीएमओ नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि गायनी वार्ड के पास गेट बनवाया गा है। रैंप बन गया है। जो थोड़ा सा कार्य बचा है, वो एक या दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। यहां गेट बनने से जच्चा व बच्चे को सीधे तौर पर एंबुलेंस सुविधा मिल जाएगी।

#### आपरेशन थिएटर तक पहुंचेगी एंबुलेंस

नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए नई बिल्डिंग में आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस की पहुंच भी होगी। यहां नई बिल्डिंग में पांच आपरेशन थिएटर हैं। यहां दीवार को तोड़ कर तीसरी मंजिल पर बने आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस पहुंचने के लिए रास्ता भी बनाया गया है। ऐसे में आपातकाल में मरीजों को इसकी काफी सुविधा रहेगी। ज्यादा सीरियस मरीज को सीधे आपरेशन थिएटर तक एंबुलेंस के जरिये लाया और ले जाया जा सकेगा।

# विशेष अभियान चलाकर ठोका 88 वाहन चालकों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे हरियाणा के आदेशानुसार, एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 2 फरवरी से 8 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली बत्ती का इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 44, ध्वनि प्रदूषण करने के 3, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 33 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 8 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। एसपी उपासना ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे विशेष अभियान लगातार चलाए जाएंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ आमजन को यातायात जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नियमों की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।



कैथल। वाहन चालकों के चालान काटते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## इंडस पब्लिक स्कूल में बैडमिंटन प्रतियोगिता




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**जींद।** रोटरी मिडटाउन क्लब जींद द्वारा रोटरी जोन 10 की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन इंडस पब्लिक स्कूल जींद में सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लेकर खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के सचिव अशोक शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में रोटरी क्लब चीखा की दो टीमें रोटरी क्लब कैथल की दो टीमें, रोटरी क्लब नरवाना की एक टीम तथा रोटरी मिडटाउन क्लब जींद की तीन टीमें शामिल रहीं।



जींद। नेहरू पार्क में विरोध प्रदर्शन करते ब्राह्मण समाज के लोग।फोटो :हरिभूमि

# सरकार के संरक्षण में चल रहा दुष्प्रचार नही होगा सहन : दीक्षित

- यूजीसी नियमों और घूसखोर पंडित फिल्म को लेकर ब्राह्मण समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद की धरा पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने गुस्से से लाल होकर सोमवार को यूजीसी के नियमो और घूसखोर पंडित फिल्म के कारण देश में बने तनाव पूर्ण माहौल के लिए सीधे तौर पर भाजपा सरकार की घेराबंदी करने के साथ मुकदर्शक बने हुए सत्तासीन ब्राह्मण विधायको और सांसदों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। जींद के रानी तालाब के नजदीक नेहरू पार्क में इक_ होकर ब्राह्मणों ने भाजपा सरकार पर फू ट डालो, राज करो नीति की तौहमत जड़ते हुए बड़ा आंदोलन छेडऩे की चेतावनी दी है। नेहरू पार्क में जमा हुए ब्राह्मण सभा जींद के जिला प्रधान धर्मवीर पिंडारा, ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिराम दीक्षित, राष्ट्रवादी ब्राह्मण संघ के जिला प्रधान ओमनारायण शास्त्री, सर्वजातीय खेड़ा खाप के प्रधान सतबीर शर्मा, कौशिक खाप के प्रधान तेलू राम शर्मा, नरेंद्र कौशिक बाता, सुनील शर्मा सहित समाज के गणमान्य लोगों ने पहले बैठक की और बाद में विरोध स्वरूप नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के बाद डीसी के माध्यम से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा। हरिराम दीक्षित, तेलू राम शर्मा, ओमनारायण शास्त्री, नरेंद्र कौशिक आदि ने कहा कि भाजपा ने ब्राह्मण समाज के साथ भारी कुठाराघात किया है। जिस समाज ने भाजपा को वोट देकर सत्ता की सौगात सौंपी थी उस पर ही भाजपा सरकार ने प्रहार किया है। देश में स्वर्ण समाज खास कर ब्राह्मणों को जान बूझकर टारगेट किया जा रहा है। भाजपा सरकार अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए देश को कभी हिंदू, मुस्लिम, कभी जाट, गैर जाट और अब अगड़ी-पिछड़ी का जहर फैला रही है।

### वीसी ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन हरियाणा ने सोमवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलपति से मुलाकात कर छात्रावास की मैस में भोजन से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक में संगठन ने स्पष्ट रूप से बताया कि छात्रावास की मैस में लंबे समय से घटिया गुणवत्ता का भोजन, अत्यधिक तेल व खराब सामग्री का उपयोग तथा स्वच्छता की अनदेखी की जा रही है। जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह समस्या निरंतर बनी हुई हैए जिसके कारण छात्रों में भारी रोष व्याप्त है। कुलपति ने संगठन की बातों को पूरी गंभीरताए संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सुना। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विद्यार्थियों का स्वास्थ्य, सुरक्षा और शैक्षणिक सुविधाएं विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।



विजेताओं के साथ प्रिंसिपल डॉ. शकुंतला व शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेमलता।

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में करोड़ों के कथित घोटाले को लेकर अधिकारियों व एजेंसियों में हड़कंप

- राधेश्याम प्रजापति ने पुलिस सुरक्षा के बीच शुरू किया रिकॉर्ड निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैथल सर्कल कार्यालय से जुड़े करीब 500 करोड़ रुपए के कथित घोटाले की तह तक पहुंचने के लिए सोमवार से रिकॉर्ड निरीक्षण की कार्यवाही शुरू हो गई है। विभाग स्टेट विजिलेंस चीफ प्रदीप पूनियां ने कलायत निवासी शिकायतकर्ता राधेश्याम प्रजापति को 9 से 11 फरवरी तक सुबह कार्यालय खुलने से बंद होने तक रिकार्ड निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। आदेशों की पालना के लिए सर्कल कार्यालय में एक कार्यकारी अभियंता स्तर के अधिकारी की ड्यूटि लगाई गई है। शिकायतकर्ता राधेश्याम प्रजापति को रिकॉर्ड निरीक्षण का अधिकार दिया गया है। निरीक्षण को गहनता और पारदर्शिता के साथ पूरा कराने के उद्देश्य से सरकार के निर्देश पर राधेश्याम प्रजापति को सुरक्षा के तौर पर एक सुरक्षाकर्मी भी उपलब्ध कराया गया है। राधेश्याम प्रजापति ने घोटाले से जुड़े सबूतों को एकत्रित करने के लिए वर्ष 2019 से लेकर 31 जनवरी 2026 तक की अवधि का महत्वपूर्ण रिकॉर्ड मांगा है। इस रिकॉर्ड में विभिन्न कार्यों, योजनाओं, टेंडरों, भुगतान विवरण, ठेकेदारों से संबंधित फाइलें और तकनीकी स्वीकृतियों का रिकार्ड मांगा गया है। प्रजापति का आरोप है कि मामले में 11 विभिन्न स्तर के अधिकारियों की भूमिका के साथ-साथ बड़ी संख्या में एजेंसियों के कार्यों की जांच की जानी है। सबूत एकत्रित करने के बाद विभाग मुख्यालय की विजिलेंस टीम द्वारा इस पूरे रिकॉर्ड की गहन जांच की जाएगी।

#### निरीक्षण कार्यवाही के लिए टीम गठित

निरीक्षण कार्य की कार्यवाही में मौजूद एसडीओ नरेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा निरीक्षण के दौरान जो रिकार्ड मांगा जाएगा उसे प्रमाणिता के साथ उपलब्ध करवाया जाएगा। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर टीमें बनाई गई हैं।

#### विभिन्न कार्यों से जुड़े रिकार्ड की मांग

शिकायतकर्ता राधेश्याम प्रजापति द्वारा फिलहाल मुख्य रूप से जन जीवन मिशन, स्पोर्टस एक्टिविटी, महाग्राम योजना, कुटेशन पर किए गए विभिन्न प्रकार के कार्य, टेंडर में रुचि लेने की बजाए अधिकारियों द्वारा अपनी शक्ति से किए गए भुगतान किए गए कुटेशन बिलों का विवरण, आउट सोर्सिंग कर्मियों से संबंधित खर्च व अन्य कार्य शामिल हैं। सीवरेज, पेयजल व जनहित की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को भी कसौटी पर जांचने की रणनीति प्रजापति द्वारा तैयार की गई है। हरियाणा गठन के बाद ऐसा पहली बार है जब जन स्वास्थ्य विभाग का वर्षों पुराना रिकार्ड इस प्रकार खंगालने का निर्णय लिया गया है।

## बॉक्सिंग चैंपियनशिप

### कन्या कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

**पूंडरी।** कुरुक्षेत्र विवि द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी की मुक्केबाज छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रजत एवं कांस्य पदक जीतकर कालेज का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के सौजन्य से 5 फरवरी को आयोजित की गई, जिसमें कुरुक्षेत्र विवि से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कॉलेज की कुनाल ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता।




### राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने का किया आह्वान

**कैथल।** 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व सीटू के सयुक्त जत्था अभियान के तहत बिजली, पटवार भवन,नगरपालिका, लोक निर्माण, वन विभाग, आईटीआई, पब्लिक हेल्थ, फायर स्टेशन, हुडा, डाइट व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर गेट मीटिंग करते हुए कर्मचारियों से संपर्क साधा गया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान सुरेंद्र पहलवान ने व संचालन ब्लॉक सचिव सुरेश देवबन ने किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल में ब्लॉक से बड़ी संख्या में कर्मचारी भाग लेंगे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य महासचिव कृष्ण नैन, उपप्रधान कपिल सिरोही, सहसचिव शिवचरण, जिला प्रधान ओमपाल भाल, जिला सहसचिव शीशराम आदि मौजूद रहे।

## पात्र लाभार्थियों के साथ-साथ सरकारी भवनों पर इंस्टॉलेशन तेज करने के भी दिए निर्देश

# जींदः प्रथम चरण में 6404 को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ देने का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम सूर्य घरए मुफ्त बिजली योजना के तहत जींद जिले में प्रथम चरण में जिला में 6404 पात्र लाभार्थियों को इस योजना के साथ जोडऩे का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत अब तक 4636 लोगों ने योजना के तहत अपना आवेदन दिया है। इनमें से 1365 लाभार्थियों को विभाग द्वारा यह लाभ दिया जा चुका है। इसी प्रकार जिला में लगभग 410 सरकारी भवनों में भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाने का लक्ष्य है। जिनमें से 327 भवनों को पीएम सूर्य घर पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। विभाग द्वारा अब तक 128 भवनों का सर्वे किया जा चुका है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि बिजली, नगर निकाय, विकास एवं पंचायत विभाग, बैंक तथा अन्य संबंधित विभाग आपसी तालमेल कर जिला में शिविरों का आयोजन करें ताकि अधिकाधिक पात्र लोगों को योजना के साथ जोड़ा जा सके। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत संबंधित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कुमार, डीएमसी सुरेन्द्र दून, डीएचबीवीएन के एससी मदनलाल सुखीजा, कार्यकारी अभियंता विकास मलिक, परियोजना अधिकारी इंद्राज सिंह तथा बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 यूनिट तक है वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार अनुदान यानि की कुल 1.10 लाख का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

#### दो लाख तक के ऋण की सुविधा

एलडीएम अनुपम मरांडी ने बताया कि सरकार के निर्देशन पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए पात्र व्यक्तियों को रियायती दरों पर बैंकों से एक सरल प्रक्रिया के तहत ऋण उपलब्ध करवाए जाते हैं। योजना के तहत दो लाख तक का ऋण आवेदक द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। ऋण की प्रक्रिया पोर्टल से ऑनलाइन की जाती है।

#### बहुत ही लाभकारी योजना

डीएचबीवीएन के एसई मदनलाल सुखीजा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली पात्र लोगों के लिए बहुत ही लाभकारी योजना है। इसके तहत लगाए जाने वाले सोलर पैनल की उत्पादन क्षमता 300 यूनिट मासिक तक है। जिन परिवारों की सालाना आय एक लाख 80 हजार रुपये तक है, ऐसे परिवारों को दो किलोवाट तक सोलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 50 हजार तक की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

**D.N. MODEL SCHOOL**
An English Medium, Co-Educational,
Nursery to 12th (All Streams)
Narwana Road, Jind (Near Bypass)
**New Pragati Sr. Sec. School Dahola**
**REQUIREMENT**
- PGT- Physics, Biology, Chemistry, Maths (Salary 25k-35k)
- Commerce, Eng, Hindi, Pol. Sci., Geo (Salary 20k-25k) (Hindi & English Medium)
- TGT- All Subjects (Salary 15k-20k)
- S.S (Hindi & English Medium)
- PRT- All Subjects (Salary 10k-15k)
- Arts & Drawing Teacher
- Computer Operator (Hindi & English Typing)

Interview at D.N. Model School Jind 14 Feb. 2026, 10:00 A.M.

Send Resume on our Email: dnmodelschooljind@gmail.com
Contact Number: 7355862700, 7419190237, 8168813622

## खबर संक्षेप

### दालमवाला स्कूल में हुई स्कॉलरशिप प्रतियोगिता

**जींद।** दालमवाला पब्लिक स्कूल में 8वीं मेगा स्कॉलरशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या संगीता शर्मा के अनुसार दालमवाला पब्लिक स्कूल हर साल 10 लाख रुपये की स्कॉलरशिप बच्चों को देता है। जिसमें हर क्लास में से प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार पाने वाले बच्चों को फीस में छूट दी जाती है। कई सालों से स्कूल में यह परंपरा चल रही है।

### समाधान शिविर में 12 ने रखी शिकायतें

**जींद।** सरकार की जनसेवा पहल के तहत सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन से संवाद स्थापित कर शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सीएम के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए।

### सीएम के कार्यक्रम को लेकर मीटिंग आज

**उचाना।** 18 फरवरी को उचाना में प्रस्तावित सीएम नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर 10 फरवरी को उपमंडल कार्यालय में सभी विभागों के अधिकारियों की मीटिंग होगी। अध्यक्षता विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री करेंगे। एसडीएम दलजीत ने बताया कि सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आयोजित होने वाली मीटिंग के लिए उचाना के अलग-अलग 22 विभागों के अधिकारियों को पत्र भेज कर सूचना दे दी गई है।

### विधायक को जागरण का दिया निमंत्रण

**उचाना।** श्री श्याम द्वितीय विशाल जागरण 19 फरवरी को उचाना मंडी में आयोजित होगा। श्याम परिवार उचाना द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। जागरण का निमंत्रण विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को उनके आवास पर जाकर जागरण आयोजकों द्वारा दिया। जागरण में प्रमुख कलाकार कन्हैया मित्तल, श्याम लाडली खुराना, हर्ष गोयल कुरूक्षेत्र खाटू श्याम बाबा के गीतों से उनका गुनगान करेंगे।

### बाड़े से 15 बकरियां चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव तलोडा खेड़ी में बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर 15 बकरियों को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने बकरी पालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव तलोडा खेड़ी निवासी जयभगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके बाड़े का ताला तोड़ 15 बकरियो को चोरी कर लिया।

### बीएलओ-सुपरवाइजरों की बैठक का आयोजन

**जींद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोमवार को उचाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की बैठक डीआरडीए हॉल में आयोजित की गई। बैठक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम उचाना दलजीत सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक के दौरान निर्वाचन कानूनगो दीपांशु ने बताया कि आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### शिविर में आमजन की शिकायतें सुनीं

**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार एवं डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए।

### लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसोसिएशन की बैठक

**राजौंद।** लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसो हरियाणा की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन पीएम श्री गर्ल्स सीसें स्कूल राजौंद में किया। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सोहन पाल राणा ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसो के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु ने शिरकत की।

## मोतीलाल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

# परीक्षा सिर्फ ज्ञान का मूल्यांकन नहीं, बल्कि धैर्य की भी परीक्षा

### विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में भाग लिया

**स्कूल में बिताया समय व्यक्तित्व की नींव**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। विदाई समारोह में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में आज का दिन भावनाओं, स्मृतियों और शुभकामनाओं से भरा रहा। जब कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य एवं गरिमामयी फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। जहां पूरे वातावरण में उत्साह, अपनापन और भावुकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गई। इसके पश्चात 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों का तिलक लगा कर स्वागत किया। मंच की साज सज्जा अत्यंत आकर्षक थी। जिसे विद्यार्थियों ने स्वयं अपनी रचनात्मक सोच से सजाया था। रंग बिरंगे गुब्बारे, पोस्टर और शुभकामना संदेश कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। फेयरवेल कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, प्रेरणादायक गीत, हास्य नाटिका और कविता पाठ प्रस्तुत कर वातावरण को जीवंत बना दिया। इन प्रस्तुतियों में जहां एक ओर मनोरंजन था वहीं दूसरी ओर 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ बिताए गए पलों की झलक भी दिखाई दी। कई प्रस्तुतियों ने दर्शकों की आंखें नम कर दी। कार्यक्रम के दौरान 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को अपने अनुभव सांझा करने का अवसर भी दिया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए गए वर्षों, शिक्षकों के मार्गदर्शन और मित्रों के साथ बनी यादों को याद करते हुए अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय ने न केवल उन्हें शैक्षणिक ज्ञान दिया बल्कि जीवन के मूल्यों अनुशासन और आत्मविश्वास की सीख भी दी। फेयरवेल पार्टी में विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिनमें मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल जैसी उपाधियां दी गईं। इन प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया और सभी विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि कक्षा 12वीं के विद्यार्थी विद्यालय की पहचान और गौरव हैं। कहा कि आज आप सभी एक नए जीवन की ओर कदम बढ़ाने जा रहे हैं। विद्यालय में बिताया गया समय आपके व्यक्तित्व की नींव है। यहां सीखे गए संस्कार, अनुशासन और मेहनत आपको जीवन में सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे।

**लक्ष्य को स्पष्ट रखें**

प्राचार्य ने कहा कि परीक्षा केवल ज्ञान का मूल्यांकन नहीं करती बल्कि आत्मविश्वास और धैर्य की भी परीक्षा होती है। विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते कहा कि लक्ष्य को स्पष्ट रखें और ईमानदारी से मेहनत करें, सफलता अवश्य मिलेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जहां भी रहें, विद्यालय और अपने शिक्षकों का सम्मान बनाए रखें। प्राचार्य ने 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जिस स्नेह, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ इस फेयरवेल का आयोजन किया है, वह प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में सभी 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सामूहिक फोटो सत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। विदाई के समय कई विद्यार्थियों की आँखों में आँसू थेए तो वहीं चेहरे पर नए सपनों को साकार करने का उत्साह भी झलक रहा था।

### सूर्य नमस्कार शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम

**कैथल।** आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस लाइन कैथल में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था। शिविर में पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और माना कि योग उनकी कार्यकुशलता और अनुशासन को बेहतर बनाने में सहायक होगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में योग सहायकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयुष योग सहायक संजू आर्या और संदीप सिंह ने पुलिसकर्मियों को सूर्य नमस्कार की सही विधि और श्वास-प्रश्वास की तकनीक सिखाई।

### आरोही मॉडल स्कूल ने किया ट्राफी पर कब्जा

**कलायत।** गांव रामगढ़ पांडवा स्थित राजकीय आरोही माडल स्कूल की छात्राओं ने राज्य स्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिताओं में ट्राफी पर कब्जा किया। राज्य स्तर पर चार विधाओं में अव्वल प्रदर्शन करते सफलता हासिल की। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के प्रभारी राजनीति विज्ञान प्राध्यापक जितेंद्र राठौड़ ने बताया कि काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम, प्रश्नोत्तरी, स्लोगन राइटिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय छात्राओं ने हासिल किया। हरियाणा भर से राजकीय और निजी विद्यालयों में आरोही स्कूल एकमात्र विद्यालय है जिसने इस राज्य स्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिता में चार विधाओं में पुरस्कार जीते हैं। रामगढ़ पांडवा गांव ही नहीं कलायत उप मंडल, जिला कैथल व मंडल के लिए गर्व का विषय है। सफलता की राह को आसन करने में आरोही स्कूल प्रधानाचार्य अश्विनी मंगला का मार्ग दर्शन, शिक्षकों-अभिभावकों का सहयोग मेहनत महत्वपूर्ण रही।

## सुनील सिवाच युवा कंडेला जनकल्याण फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष मनोनित किए

**जींद।** कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन व भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राममेहर कंडेला ने सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व फाउंडेशन और यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सहमति से हरियाणा प्रदेश के युवा जन कल्याण फाउंडेशन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें सुनील सिवाच को प्रदेश का युवा कंडेला जनकल्याण फाउंडेशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। संदीप कौशिक, अमित रेढू बोहतवाला, जोगिंदर शाहपुर, विकास पार्षद को फाउंडेशन हरियाणा का उप प्रधान नियुक्त किया गया है। अजय खोखरी, मपड़ थुआ, संदीप नारनौंद, कृष्ण नेहरा इनको प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। नीरज छात्र को संगठन सचिव, अरविन्द कंदोला को कोषाध्यक्ष, सुल्तान कंडेला को हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता, सोमदत्त रेढू वकील को कानूनी सलाहकार, इसके अलावा जयभगवान, मास्टर आजाद, हैप्पी कंडेला, पाल्लू तलोडा, संजू पंच, देवेंद्र कालू, अमित गोयत, सुरेंद्र कुमार, राजेंद्र शाहपुर, सतीश नरवाल, सुनील लोहान, जोगिंदर लंबरदार, कमलजीत को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है।


राममेहर कंडेला।

### शिक्षक बाल अधिकारों का रखें ध्यान : अग्रवाल

**गुहला-चीका।** राजकीय कन्या कालेज चीका में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित 7-दिवसीय विशेष शिविर का समापन आज बड़े ही उत्साह, गरिमा और प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति, कैथल के अध्यक्ष भीम सेन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी और छात्राओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ। भीम सेन अग्रवाल जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के इस पावन क्षण ने पूरे कार्यक्रम को सकारात्मक ऊर्जा, प्रेरणा और समाज सेवा की भावना से आलोकित कर दिया। शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वागत गीत एवं मुख्य अतिथि के सम्मान के साथ हुई। भीम सेन ने छात्राओं को बाल अधिकारों, संरक्षण बाल कल्याण समिति की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी।



एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल के पदाधिकारी छात्राओं के साथ।

### सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजीः डॉ. विनोद

**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में सत्र 2025-26 की कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारोहण आशीर्वचन समारोह का भव्य, गरिमामय एवं भावनात्मक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, प्रबंधक गौरव गर्ग तथा प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण ज्ञान, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। समारोह में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का पारंपरिक तिलक, बैज एवं आत्मीय स्वागत के साथ अभिनंदन किया। दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों के मध्य उपाधियों का आदान-प्रदान किया गया, जिसने आपसी सौहार्द, सहयोग और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि अनुशासन, सतत परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की सच्ची कुंजी हैं।


कैथल। स्वयं सेवकों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### छात्रों को समाज सेवा के लिए किया प्रेरित

**कैथल।** जाट कॉलेज कैथल की एनएसएस यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के सहायक प्रोफेसर डॉ. मनोज कादियान मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश ढिल्लों ने की। मुख्य वक्ता डॉ. मनोज कादियान ने विद्यार्थियों को फोन के उपयोग एवं दुरुपयोग के बारे में जागरूक किया। कहा कि मोबाइल जहां ज्ञान का साधन है, वहीं इसके अत्यधिक प्रयोग से विद्यार्थियों के मानसिक व सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने मोबाइल के सीमित और सकारात्मक उपयोग पर बल दिया। प्राचार्य डॉ. दिनेश ढिल्लों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लाभ सिंह ने एनएसएस स्वयंसेवकों को अनुशासन व समाज सेवा के लिए प्रेरित किया व कार्यक्रम की रूपरेखा छात्रों के समक्ष रखी। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने जाट कॉलेज के ग्राउंड मे सफाई अभियान का कार्य किया।

### विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**पूंडरी।** विधानसभा पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने आज अपने पुंडरी कार्यालय में दैनिक कार्य प्रणाली के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए नागरिकों की समस्याएँ सुनी और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। विधायक ने कहा कि लोगों से नियमित मुलाकात और उनकी समस्याओं को समझना उनके कार्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्पष्ट शब्दों में कहा—यह जनता मेरा परिवार है। इनके सुख-दुख में साथ खड़ा रहना मेरा कर्तव्य भी है और जिम्मेदारी भी। विधायक जांबा ने प्रत्येक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनी और कई मामलों में तत्काल विभागीय अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। समस्या लेकर आए लोगों ने विधायक द्वारा दिखाई गई तत्परता की सराहना की। क्षेत्रवासियों ने कहा कि विधायक द्वारा निरंतर रूप से नागरिकों से मिलना और उनकी समस्याओं पर तुरंत प्रतिक्रिया देना एक सकारात्मक और भरोसेमंद व्यवस्था को दर्शाता है।


पूंडरी। जनसमस्याएं सुनते हल्का विधायक सतपाल जाम्बा।



जींद। सूर्य नमस्कार करवाते आयुष योग सहायक नवनीत व नीलम।

### सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया

**जींद।** स्थानीय नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सूर्य नमस्कार अभियान 2026 के तहत आयुष विभाग जींद से जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अमित रोहिल्ला, योग कोरडिनेटर डॉ. योगेश, योग स्पेशलिस्ट गोविंदा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग से आयुष योग सहायक नवनीत व नीलम जागलान ने विद्यार्थियों को सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार एवं प्राणायामक का अभ्यास करवाया। योग सहायक नवनीत व नीलम जागलान ने बताया कि किस प्रकार हम प्रतिदिन योग व प्राणायाम के माध्यम से विभिन्न प्रकार की बीमारियों से दूर रह सकते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनू शर्मा वृंदा ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन सूर्यनमस्कार, योग व प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। योग करने से हमारा शरीर मजबूत होता है तथा मानसिक तनाव कम होता है। योग हमारे मन को शांति देता है। योग हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। जिससे हम कम बीमार होते हैं। कहा कि सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री केवि बुडायन में परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण देखा

**उचाना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन जींद में स्मार्ट कक्षाओं में कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त कर उसे उत्सव की तरह मनाने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को शिक्षा को बोझ न मानने, स्वयं को सीमित न करने, अनुशासन व निरंतर अभ्यास अपनाने तथा आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया। साथ ही संतुलित दिनचर्या, खेलकूद, कौशल विकास, तकनीक के सदुपयोग, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा लोकल फॉर वोकल जैसे छोटे प्रयासों से विकसित भारत 2047 के निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी। अभिभावकों से बच्चों की तुलना न करने और अनावश्यक दबाव न डालने की अपील की गई।

### दो शिक्षक व 30 छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**उचाना।** सामुदायिक सहभागिता (कम्युनिटी पार्टिसिपेशन) के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में विशेष शैक्षणिक एवं सहगामी गतिविधियों का आयोजन किया गया। दो शिक्षक एवं 30 विद्यार्थियों ने विद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। अतिथि विद्यार्थियों ने कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों के साथ मिल कर विभिन्न शैक्षणिक, रचनात्मक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय भ्रमण के दौरान उन्हें स्मार्ट कक्षाएं, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियां, कौशल विकास कार्यक्रम तथा विद्यालय में संचालित विभिन्न बेस्ट प्रैक्टिसेज से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों के बीच आपसी सहयोगए संवाद और सीखने का सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। प्राचार्य सुरेंद्र ने कहा कि इस प्रकार की सामुदायिक सहभागिता गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास एवं सामाजिक समन्वय को बढ़ावा देती हैं।

### हिंदू कन्या कालेज में यूनियन बजट पर मंथन

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को यूनियन बजट मंथन 2026-27 प्रभाव एवं विश्लेषण विषय पर एक वर्चुअल एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10 बजे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि केंद्रीय बजट न केवल देश की आर्थिक दिशा को निर्धारित करता है बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन स्तर को भी प्रभावित करता है। प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों को विद्यार्थियों में आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक चेतना विकसित करने हेतु अत्यंत आवश्यक बताया तथा आयोजक विभागों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में चितकारा बिजनेस स्कूल, चितकारा विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डा. कपिल शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 के विभिन्न आर्थिक, सामाजिक एवं नीतिगत पहलुओं पर विस्तृत और विश्लेषणात्मक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

### गांव बिरोली में जलघर का किया शिलान्यास

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के बिरोली गांव में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए जाने वाले जलघर का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। गांव में जलघर बनने से ग्रामीणों को पेयजल किल्लत से छुटकारा मिलेगा। कैप्टन योगेश बैरागी ने बताया कि जलघर के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने करीब एक करोड़ 40 लाख की जमीन अधिग्रहित की थी। इसके निर्माण के लिये सरकार ने पहली किश्त लगभग एक करोड़ 57 लाख जारी कर दिए हैं और दो करोड़ 94 लाख रुपये जल्दी ही जारी होंगे। इस तरह यह योजना 6 करोड़ की है। जिसका निर्माण कार्य शुरू हो गया है। कैप्टन योगेश ने कहा कि मुख्यमंत्री की नेतृत्व में पूरे हरियाणा की तरह जुलाना भी विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। जलघर के निर्माण बिरौली और आसपास के गांवों में पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान अब हो जाएगा।

### गर्भवती महिलाओं को किया जागरूक

**जींद।** सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने सीएचसी अलेवा में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व व स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार अभियान के तहत लगे जांच शिविरों का अवलोकन कर स्टोर रूम, ओपीडी, लेबर रूम, हाजिरी रजिस्टर, प्रयोगशाला व फार्मेसी विभाग का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन की उपस्थिति में सीएचसी अलेवा के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने डा. बिजेंद्र को हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसो का महासचिव बनने पर स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता सीएचसी अलेवा प्रभारी डा. जितेंद्र शर्मा ने की। जिसमें बीपी, शुगर, एचआईवी, वजन, खून आदि की जांच की। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को चाहिए कि खून की मात्रा बढाने के लिए हरी सब्जियां, पालक, बथुआ, मैथी, गहरे पीले फल, चुकंदर, वीटामिन सी युक्त फल के अलावा प्रोटिन युक्त आहार दाल, दूध, अंडे का सेवन करें।

### पारित वित्त विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग

**जींद।** अक्षर भवन शिव कालोनी जींद में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी जींद की बैठक जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन जिला सचिव राजकुमार श्योकंद ने किया। बैठक में ईश्वर ठाकुर, सतबीर बुआना, कर्मवीर सिंह संधू, महेंद्र सिंह बिश्नोई, बलजीत सिंह मांडी, सतबीर, इंद्र सिंह, कलीराम खत्री तथा राज्य कमेटी की ओर से छज्जूराम नैन ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ मांग करता है कि आठवें वेतन आयोग में पारित वित्त विधेयक 2025 को वापस लिया जाए और सरकारी कर्मचारियों के समान सारी सुविधाएं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी उपलब्ध करवाई जाएं तथा वेतन आयोग की रिपोर्ट को ठीक समय पर लागू किया जाए। जिला सचिव राजकुमार श्योकंद ने बताया कि 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल में रिटायर्ड कर्मचारी संघ बढ़चढ़ कर भाग लेगा।

### हर माह जिंदा होने का प्रमाण मांगना गलतः गोयल

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने हरियाणा सरकार द्वारा संचालित दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं से हर महीने स्वयं को जीवित साबित करने के लिए फोटो अपलोड करवाने की व्यवस्था पर कड़ा ऐतराज जताया है। कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की योजना सराहनीय है लेकिन हर माह जिंदा होने का प्रमाण मांगना न केवल गलत बल्कि महिला सम्मान के खिलाफ है। गोयल ने कहा कि इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है, जो सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। यह कदम आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सहारा देने की दिशा में सकारात्मक है लेकिन हर माह फोटो अपलोड करने की शर्त व्यावहारिक नही है।

### लक्ष्य ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

**जींद।** जयपुर (राजस्थान) में गत 30 जनवरी से दो फरवरी तक आयोजित 15वीं ओपन नेशनल स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जींद के छात्र लक्ष्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता स्कूल स्पोर्ट्स एजुकेशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए आईटीआई जींद के वेल्डर ट्रेड के छात्र लक्ष्य ने अंडर-19 वर्ग (60 किलोग्राम भार वर्ग) में उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। लक्ष्य की इस उपलब्धि पर आईटीआई जींद में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने छात्र लक्ष्य को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्वयंसेवकों ने किया शैक्षणिक-सांस्कृतिक भ्रमण

**ढांड।** महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा रसायन विज्ञान एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश के रमणीय पर्वतीय नगर कसौली के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक-सांस्कृतिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह प्रेरणादायक यात्रा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नैन्सी गुलाटी के नेतृत्व में संपन्न हुई। भ्रमण की शुरुआत प्रातः महाविद्यालय परिसर से हुई। विद्यार्थियों में उत्साह और नवीन अनुभवों को लेकर विशेष उमंग देखने को मिली। पहाड़ी मार्ग पर बढ़ते हुए प्राकृतिक सौंदर्य ने सभी का मन मोह लिया। कसौली पहुंचने पर विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम ऐतिहासिक कसौली चर्च का अवलोकन किया, जहाँ उन्हें शांत वातावरण और आकर्षक स्थापत्य कला के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद ऊँचाई पर स्थित मंकी प्वाइंट से हिमालय की मनोहारी छटा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### यातायात नियमों का सख्ती से पालना करने के निर्देश

**कैथल।** बस अड्डा कैथल पर ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतपाल द्वारा ऑटो रिक्शा यूनियन के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस दौरान ऑटो रिक्शा चालकों को वर्दी वितरित करते यातायात नियमों की सख्ती से पालना करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की दौरान ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतपाल ने कहा बस अड्डा शहर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आते-जाते हैं। ऐसे में ऑटो रिक्शा चालकों की जिम्मेदारी बनती है कि वे अनुशासन बनाए रखें और यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करें। स्पष्ट किया कि सभी ऑटो रिक्शा चालकों के लिए निर्धारित वर्दी पहनना अनिवार्य किया है, ताकि पहचान सुनिश्चित हो सके और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। एसएचओ ने कहा कि बिना वर्दी ऑटो रिक्शा चलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**भारत, उज्जबेकिस्तान, कजाकिस्तान, टर्की, इराक, इरान समेत 24 देशों के 600 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा**

# दिल्ली में गांव भौंगरा की दो सगी बहनों रिद्धिमा व विधिका ने किक बॉक्सिंग कप में जीते छह गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना





गांव भौंगरा की दो सगी बहनों का किक बॉक्सिंग में धाक जारी है। दो बहनों ने 5वीं इंडिया ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग कप 2026 में देश का नाम रोशन करते हुए छह गोल्ड मेडल जीते। किक बॉक्सिंग रैंकिंग में वल्ड नंबर 1 खिलाड़ी रिद्धिमा कौशिक ने 4, विधिका कौशिक ने दो गोल्ड मेडल जीत कप पर अपना दबदबा बनाया। बॉको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन की ओर से चार से आठ फरवरी को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भारत, उज्जबेकिस्तान, कजाकिस्तान, टर्की इराक, इरान समेत 24 देशों ने भाग लिया। ड्रैंगन मार्शल लॉ अकादमी कोच दिव्या व संतोष थापा ने बताया कि रिद्धिमा कौशिक ने माइनस 60, माइनस 55 किलोवाट भार में किक लाइट व लाइट कॉन्टेक्ट प्रतियोगिता में दो-दो गोल्ड मेडल जीते। जबकि छोटी बहन विधिका कौशिक ने माइनस 42 किलोग्राम भार में किक लाइट व लाइट कॉन्टेक्ट में एक-एक गोल्ड मेडल जीते। दोनों प्रतियोगिता में रिधिमा कौशिक ने चार गोल्ड व विधिका कौशिक ने दो गोल्ड मेडल जीत भारत का नाम रोशन किया। दिल्ली में आयोजित इस पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 600 खिलाडियों ने भाग लिया। दोनों बहनें खेलों में लगातार भारत का नाम रोशन करते हुए गोल्ड मेडल बटोर रही हैं। गोल्ड मेडल जीतने पर दादा ओमप्रकाश भौंगरा, व्यवसायी पिता सुरेंद्र कौशिक, माता रितु कौशिक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किक बॉक्सिंग व वूशु में उनकी दोनों बेटी भारत का नाम रोशन करेंगी। इनका अगला लक्ष्य तमिलनाडु की नेशनल प्रतियोगिता जीतने का है।

## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 11 को

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय जींद के परिसर में 11 फरवरी को सुबह 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में एसआईएस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड श्री हिंद पंजाब द्वारा भाग लिया जाएगा। इस मेले में सुरक्षा जवान तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों के लिए चयन किया जाना है।

### डुलियाणी से झोटा चोरी में 2 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना पुंडरी क्षेत्र के गांव डुलियाणी से झोटा चोरी के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी आरोपी पूंडरी निवासी राहुल, गांव दिल्लोवाली निवासी अजय को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। गांव डुलियाणी निवासी रणधीर की शिकायत अनुसार 15 जनवरी की रात चोरी हुई थी।

### शिव जयंती पर कार्यक्रम 11 फरवरी को

**राजौंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, राजौंद (असंध) की ओर से 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 11 फरवरी को सुख शांति ज्ञान सागर, परमपिता परमात्मा के इस धरा पर अवतरण की खुशी में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### खेत से केबल चोरी करने के मामले में गिरफ्तार

**कैथल।** ढांड क्षेत्र में खेत से केबल चोरी करने के मामले की जांच थाना ढांड एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई सिकन्दर की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव सलिमपुर मदुद निवासी सुनील को काबू कर लिया। गांव कोल निवासी जितेन्द्र ने बताया 18 जनवरी को खेत से ट्यूबवेल स्टार्टर व 300 फुट केबल चोरी हो गए।

### सीआरएसयू में बुक प्रदर्शनी आज से

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा ज्ञान, पठन, पाठन एवं अकादमिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10 व 11 फरवरी को दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस पुस्तक प्रदर्शनी में देश व विदेश के 65 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय एवं विदेशी प्रकाशकों ने भाग लेने के लिए अपनी सहमति पंजीकृत कराई है।

### 11 फरवरी को राजौंद में लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**राजौंद।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा 11 फरवरी, बुधवार को गोल्ड लाइफ स्कूल, पुण्डरी रोड, राजौंद में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। शिविर में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों द्वारा आंखों, दांतों, महिलाओं की विशेष जांच, स्तन कैंसर जांच, सामान्य बीमारियों की जांच के साथ एनीमिया जांच व परामर्श की सुविधा दी जाएगी।

---

**आयुष्मान सर्जिकल सप्ताह : 11 फरवरी तक करेंगे मुफ्त ऑपरेशन**

# मरीजों में फिटनेस की आ रही दिक्कत किसी का बीपी ज्यादा तो किसी की शुगर

- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सस्ती और गुणवत्तापूर्ण सर्जिकल सेवाएं उपलब्ध कराना है अभियान का मुख्य उद्देश्य



जींद। नागरिक अस्पताल में सर्जरी के लिए लेटे मरीज।

1. अब तक कुल 37 लोगों की हुई सर्जरी
2. 5 फरवरी से शुरू हुआ था आयुष्मान सर्जिकल सप्ताह
3. जींद में नौ लोगों के ही ऑपरेशन हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान सर्जिकल अभियान पांच फरवरी से जारी है। अभियान 11 फरवरी तक चलेगा। अभियान के पहले दिन पांच फरवरी को सात सर्जरी, छह फरवरी को आठ, सात फरवरी को 11 व आठ फरवरी को रविवार छुट्टी थी। सोमवार को 11 सर्जरी हुई। अबतक कुल 37 सर्जरी हो चुकी है। आयुष्मान सर्जिकल अभियान के दो दिन शेष बचे हैं।

आयुष्मान पखवाड़े का यह अभियान केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सस्ती और गुणवत्तापूर्ण सर्जिकल सेवाएं उपलब्ध कराना है। जींद जिले में इस अभियान के तहत नागरिक अस्पताल को विशेष सर्जिकल कैंप का केंद्र बनाया गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान सर्जिकल अभियान पांच फरवरी से जारी है। अभियान 11 फरवरी तक चलेगा। अभियान के पहले दिन पांच फरवरी को सात सर्जरी, छह फरवरी को आठ, सात फरवरी को 11 व आठ फरवरी को रविवार छुट्टी थी। सोमवार को 11 सर्जरी हुई। अबतक कुल 37 सर्जरी हो चुकी है। नागरिक अस्पताल में बनाए गए पांचों आप्रेशन थिएटर में चिकित्सकों द्वारा लगातार सर्जरी की जा रही हैं। अभियान के तहत दो दिन शेष हैं। फिटनेस मिलने के बाद ही सर्जिकल ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू की जाती है। यह सप्ताह उन मरीजों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है जो लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और ऑपरेशन करवाने में असमर्थ थे।

#### शिविर से काफी लाभ

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर पूनिया ने बताया कि सामान्य दिनों में भी आपरेशन किए जाते हैं। यह शिविर आयुष्मान कार्ड धारकों को लाभ देने के लिए लगाया गया है। इस प्रकार के शिविर से मरीजों को काफी लाभ होता है। आयुष्मान के तहत लगाए गए सर्जिकल सप्ताह में प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक लोगों के आपरेशन किए जाएं। जो मरीज आपरेशन के लिए फिट पाए जाते हैं, उनके आपरेशन किए जाते हैं। मरीजों के ऑपरेशन लगातार किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक मरीजों को मुफ्त सर्जरी उपलब्ध कराना है।

#### नौ फरवरी को हुए 11 ऑपरेशन

स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान सर्जिकल सप्ताह में भी ज्यादा आपरेशन नहीं हो रहे हैं। सोमवार को पूरे जिले में 11 लोगों के ही आपरेशन हो पाए। इसका मुख्य कारण है कि बहुत से लोग आपरेशन के लिए फिटनेस पूरी नहीं कर पाते। किसी मरीज में बीपी की दिक्कत मिलती है तो किसी में शुगर की। ऐसे में जब तक मरीज का बीपीए शुगर व ईसीजी सही नहीं होंगे। उनके आपरेशन नहीं हो पाते। नागरिक अस्पताल उचाना में दो तथा नागरिक अस्पताल जींद में नौ लोगों के ही आपरेशन हुए हैं। आशा के अनुरूप इतने अधिक आपरेशन नहीं हो रहे हैं। काफी मरीज आपरेशन के लिए जरूरी मापदंड पूरे नहीं कर पा रहे हैं। इसके लिए बीपी, शुगर व ईसीजी की जाती है। यदि सभी कुछ ठीक रहता है तो मरीज का आपरेशन किया जाता है। यदि मरीज का बीपी, शुगर या ईसीजी सही नहीं मिलती तो उसका आपरेशन नहीं किया जाता है। इसी कारण काफी मरीज आपरेशन की शर्त पूरी नहीं कर पाते। नागरिक अस्पताल जींद में सोमवार कोई जनरल सर्जरी नहीं हुई। महिलाओं से संबंधित आठ आपरेशन किए गए। इसके अलावा हड्डी रोग विशेषज्ञ ने एक आपरेशन किया। वहीं नागरिक अस्पताल उचाना में दो महिलाओं के आपरेशन किए गए। सफीदों, नरवाना, जुलाना व अलेवा में कोई आपरेशन नहीं हुआ। सुभाष नगर निवासी युवक सुनील का आपरेशन नहीं हो पाया। उसे बीपी की ज्यादा समस्या था। सुनील को रिसोली का आपरेशन करवाना था। सोमवार सुबह सुनील ने जब अपनी जांच करवाई तो उसे बीपी की दिक्कत मिली। इसलिए उसको बीपी कम होने के बाद आने के लिए कहा गया।

---



जुलाना। कैबिनेट मंत्री से मुलाकात करते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

## मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए जमीन दिलाने की उठाई मांग

### मंत्री गंगवा से मिला कुम्हार संगठन

- जमीन नहीं होने की वजह से कुम्हार समाज को आ रही व्यवसाय करने में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

कुम्हार संगठन हरियाणा सभा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मिला और कुम्हार समाज की वर्षों पुरानी समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश भर में कुम्हार समाज के लोगों के पास मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए स्वयं की जमीन नहीं है, जिसके कारण उनका परंपरागत व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सरकार द्वारा कई लोगों को स्वामित्व प्रमाणपत्र तो जारी किए गए हैं लेकिन आज तक उन्हें जमीन पर वास्तविक मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। जमीन के अभाव में कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य सुचारू रूप से नहीं कर पा रहे हैं। जिससे उनकी आजीविका पर संकट गहराता जा रहा है। कुम्हार संगठन हरियाणा सभा के संस्थापक महेंद्रपाल ने कहा कि कुम्हार समाज सदियों से मिट्टी के बर्तन बना कर अपनी आजीविका चलाता आया है लेकिन आज हालात ऐसे हो गए हैं कि जमीन न होने के कारण उनका काम चौपट हो गया है। समाज के लोग आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं और कई परिवारों को मजबूरी में यह परंपरागत काम छोडऩा पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रदेश सरकार प्रत्येक जिले में कुम्हारों के लिए मिट्टी के बर्तन बनाने हेतु उचित स्थान उपलब्ध करवाए और जिन लोगों को स्वामित्व प्रमाणपत्र दिए गए हैं। उन्हें शीघ्र जमीन का मालिकाना हक दिलाया जाए।

#### मंत्री ने दिया आश्वासन

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कुम्हार समाज की मांगें जायज हैं और सरकार इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने पर विचार करेगी। इस अवसर पर रामकुमार घोडेला, महेंद्र प्रजापति, महाबीरए कुलबीर आदि मौजूद रहे।

---

## जोगिंद्र बने मानव सेवा समिति के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। जोगेंद्र ढुल का प्रधान बनने पर स्वागत करते सदस्य।

अखिल भारतीय मानव सेवा समिति की चुनावी सभा सोमवार को श्री सनातन धर्म मंदिर में हुई। सभा की अध्यक्षता की जिम्मेदारी चुनाव अधिकारी रूलियाराम शर्मा को सौंपी। इसमें प्रधान पद के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। इस दौरान जोगिंद्र ढूल, कुलदीप पूनिया एवं बलवंत जाटान द्वारा डॉ. बीरबल दलाल के नाम का अनुमोदन किया गया, लेकिन सभा में उनकी अनुपस्थिति के कारण यह अनुमोदन स्वीकार नहीं किया जा सका। इसके बाद समिति के सभी सदस्यों ने गहन विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से जोगिंद्र ढूल के नाम पर सहमति व्यक्त की और उन्हें अगले तीन वर्षों के लिए प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से नवनियुक्त प्रधान को अपनी कार्यकारिणी गठित करने का अधिकार भी प्रदान किया। सभा में समिति के पिछले कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। नवनियुक्त प्रधान जोगिंद्र ढूल ने पूरे सदन का आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से चुनाव अधिकारी रूलियाराम शर्मा का धन्यवाद किया। इस अवसर पर ईश्वर दास अरोड़ा, बदन सिंह ढिल्लों, बलवंत जाटान, बीडी शर्मा, बीरभान कादियान, चंद्रभान ढांडा, सोमदत्त कौशिक, रूलियाराम शर्मा, अर्जुन लाल गेरा, कुलदीप पूनिया, सतपाल गुप्ता, ओमप्रकाश खंडूजा, राजकुमार मुखीजा, विजय नैन, महेंद्र सिंह, सुरेश बंसल, अश्वनी बत्रा आदि मौजूद थे।

### हिंदू महासम्मेलन 22 को, आयोजन की तैयारियां शुरू

**कैथल ।** कैथल नगर के सेक्टर 19 में आने वाली 22 फरवरी रविवार को होने वाले हिंदू महासम्मेलन के दृष्टिगत एक मीटिंग का आयोजन किया गया । इसमें होने वाली सभी गतिविधियों का नियोजन एवं सफल आयोजन करने के लिए विभिन्न सदस्यों की ड्यूटीयां लगाई गई। श्री महंत रूद्र पुरी महाराज एवं महंत रमन पुरी की गरीमामय उपस्थिति में मुख्य वक्तव्य राधेश्याम का होगा। प्रसिद्ध भजन गायक रामनिवास आर्य समाज एवं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत रचनाओं को प्रस्तुत करेंगे । इसके बाद हवन यज्ञ में सैक्टर के प्रतिष्ठित महानुभाव आहुति डालेंगे। उसके बाद प्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

## बुजुर्गों का पंचकूला कूच ऐतिहासिक होगा सरकार की नींव हिलाकर रख देंगे : रामपाल

### जब तक बुजुर्गों का सम्मान बहाल नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


पूर्व संसदीय सचिव व इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा प्रदेश में पिछले दो माह में एक लाख से ज्यादा बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन काटी जा चुकी है। परेशान बुजुर्ग समाज कल्याण विभाग के चक्कर काट रहे हैं, बीजेपी सरकार और प्रशासन इसका कोई समाधान नहीं निकाल रहा है, जिन लोगों के घर में साइकिल भी नहीं है, ऐसे गरीब लोगों की फैमिली आईडी में कई-कई गाड़ियां चढ़ा दी हैं और उनकी बुढ़ापा पेंशन बंद कर दी है। बुजुर्गों की परेशानी को देखते हुए 20 फरवरी को इनेलो पंचकुला में प्रदर्शन करेगी, इसमें प्रदेशभर के बुजुर्ग और महिलाएं शामिल होंगी। बुजुर्गों का पंचकुला कूच ऐतिहासिक होगा, बुजुर्गों के सम्मान में सरकार की नींव हिलाकर रख देंगे। रामपाल माजरा अपने निवास पर सेक्टर-20 में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, उन्होंने कि चौधरी देवी लाल ने 100 रुपए बुजुर्गों की पेंशन शुरू की थी, उस समय 100 रुपए की वेल्यू 15 हजार रुपए के बराबर थी, इनेलो किसी भी कीमत पर बुजुर्गों की पेंशन नहीं कटने देगी।

#### धान में पांच हजार करोड़ रुपये का घोटाला



रामपाल माजरा ने कहा कि पीआर धान खरीद में प्रदेश में पांच हजार करोड़ रुपए का घोटाला हुआ। किसानों का पीआर धान समर्थन मूल्य से कम पर खरीदा गया, पीआर धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 रुपए प्रति क्विंटल था, पूरे प्रदेश में किसानों का धान में नमी बताकर 1800 से लेकर 2100 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदा गया। किसानों को कच्ची पर्ची थमा दी और खरीदे गए धान के जे फार्म 2389 रुपए के काटे गए।

---



## दिल्ली की तरह पंजाब से भी भाजपा करेगी आप का सफाया : देवेंद्र अत्री

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि जिस तरह दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर किया। उसी तरह वर्ष 2027 में पंजाब से भी भाजपा आम आदमी पार्टी का पूरी तरह सफाया करेगी। सीएम नायब सिंह सैनी के पंजाब में आयोजित कार्यक्रमों में उमड़ी भीड़ इस बात का प्रमाण है कि पंजाब से आप जा रही है भाजपा आ रही है। प्रदेश में 24 फसलों पर एमएसपी, 48 घंटे में किसानों को भुगतान, महिलाओं को 2100 रुपये मासिक सहायता, मुफ्त इलाज, पैंशन और आवास जैसी योजनाएं सीएम नायब सिंह सैनी की अगुवाई में सफलतापूर्वक लागू की जा रही हैं।

## मोहिंद्र को मिला इंडिया आइकॉन अवॉर्ड

### राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की तरफ से आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत। दिल्ली में सम्मान हासिल करते मोहिंद्र धानियां। फोटो : हरिभूमि

कलायत में पले बढ़े राजस्व विभाग से रिटायर्ड नायब तहसीलदार मोहिंद्र धानियां को दिल्ली में राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में इंडिया आइकॉन अवार्ड -2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सम्मेलन अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.रणधीर कुमार, रूस दुतावास प्रतिनिधि सुश्री किरस्तीना अनानीना, पूर्व राज्यसभा सांसद जय प्रकाश निषाद व राष्ट्रीय समन्वयक प्रभात मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। वर्तमान में कैथल रह रहे मोहिंद्र धानियां ने बताया कि यह पुरस्कार मानवाधिकार संरक्षण, सामाजिक न्याय एवं सांगठनात्मक नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्राप्त हुआ। वे ब्यूरो के प्रांतीय अध्यक्ष हैं और उनके नेतृत्व मे टीम हरियाणा कुशलता से काम कर रही है। उन्होंने खिताब को समूची हरियाणा टीम के नाम करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत नहीं बल्कि सांझे प्रयासों का परिणाम है।

## राजकीय कॉलेज में छात्रों ने किया सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कॉलेज में योग एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र व छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और योग के महत्व को समझा। कार्यक्रम में योग सहायक बलराज आर्य, योग सहायक शर्मिला तथा योग सहायक मनीषा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया और प्रत्येक आसन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तार से जानकारी दी। योग सहायक बलराज आर्य ने कहा कि सूर्य नमस्कार को योग का संपूर्ण व्यायाम माना जाता है, जिसमें शरीर के सभी अंग सक्रिय होते हैं। इससे रक्त संचार बेहतर होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

---

## साइंस व कॉमर्स में भी हो फिजिकल एजुकेशन

### लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसोसिएशन की बैठक में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद




राजौंद। मीटिंग के दौरान मौजूद स्टाफ सदस्य व अन्य।

पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद में लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान सोहन पाल राणा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों ने फिजिकल एजुकेशन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रमुख मांगों में आर्ट्स स्ट्रीम की तर्ज पर साइंस व कॉमर्स स्ट्रीम में भी फिजिकल एजुकेशन विषय को लागू करना, सभी जिलों में एईओ (खेल) पद पर पीजीटी फिजिकल एजुकेशन की नियुक्ति, बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य में पीजीटी फिजिकल एजुकेशन की ड्यूटी तथा आगामी ट्रांसफर ड्राइव में सभी विद्यालयों में पीजीटी फिजिकल एजुकेशन के पद सृजित करना शामिल रहा। मुख्य अतिथि सतपाल सिंधु ने शिक्षकों से एकजुट होकर अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। पूर्व राज्य प्रधान दिनेश चौधरी ने शिक्षा व खेल दोनों क्षेत्रों में समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। राज्य प्रधान सोहन पाल राणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**मोबाइल पर एक गलत क्लिक से उड़ सकते हैं बैंक से पैसे : एसपी**

## एसपी ने सुनीं पुलिसकर्मियों की समस्याएं, मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। समस्याएं सुनते हुए एसपी कुलदीप सिंह।

पुलिस परिवार के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कार्यालय में विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न थाना व शाखाओं से आए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सेवा संबंधी समस्याएं खुलकर रखीं। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने प्रत्येक कर्मचारी की समस्या को गंभीरता से सुना तथा कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए संबंधित शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिसकर्मी केवल कानून व्यवस्था के रक्षक ही नही बल्कि समाज की सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। इसलिए उनके कल्याणए मनोबल एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक संतुष्ट व प्रेरित पुलिस बल ही आमजन को बेहतर सेवा प्रदान कर सकता है। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

#### साइबर अपराधियों से सावधान रहना जरूरी

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधियों से सावधान रहना बहुत जरूरी है। यदि आपने मोबाइल पर एक गलत क्लिक कर दिया तो आपके बैंक खाते से पैसे उड़ाए जा सकते हैं। इसलिए किसी भी सोशल मीडिया पर आए अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करें। साइबर ठग फोन काल, वहाट्सअप मैसेज, सोशल मीडिया लिंक, फर्जी बैंक अधिकारी बन कर, केवाईसी अपडेट के नाम पर, ओटीपी मांग कर या ऑनलाइन नौकरी या लोन का झांसा देकर लोगों को ठग रहे हैं। ऐसे में किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करें।

#### चाइनीज मांझा छोड़े, सुरक्षित जीवन जोड़े

एसपी ने पतंगबाजी के दौरान प्रतिबंधित चाइनीज मांझा का प्रयोग नहीं करने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि यह मांझा न केवल कानूनन प्रतिबंधित है बल्कि मानव जीवनए पशु व पक्षियों और पर्यावरण के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा चाइनीज मांझे के उपयोग, बिक्री एवं भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यदि कोई व्यक्ति इसका प्रयोग या व्यापार करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।